प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
17.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- केंद्र सरकार संसद के आगामी बजट सत्र में बीज अधिनियम 1966 में संशोधन करने के लिए लाएगी कानून।
- ऊना जिला के पंडोगा व सोलन के परवाणु औद्योगिक क्षेत्रों में एमएसएमई टैक्नोलॉजी सेंटर स्थापित करने को केंद्र ने दी मंजूरी।
- प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायतों की आय को पारदर्शी और डिजीटल बनाने के उददेश्य से समर्थ पंचायत पोर्टल का उपयोग किया अनिवार्य।
- गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारत की सैन्य शक्ति और सांस्कृतिक विविधता का देखने को मिलेगा अनूठा संगम।
- प्रदेश के अधिकांश भागों में छाए बादल—मौसम विभाग ने 19 से 22 जनवरी तक राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों बर्फबारी की जताई संभावना ।

बीज अधिनियम

केंद्र सरकार संसद के आगामी बजट सत्र में बीज अधिनियम 1966 में संशोधन करने के लिए कानून लाएगी। नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए, कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस कानून का उद्देश्य खराब क्वालिटी, नकली और बिना लाइसेंस वाले बीजों की बिक्री पर रोक लगाना है।

*जो सीड एक्ट था, पुराना वह 1966 का था लगभग वह बहुत प्रभावी नहीं था। इसलिए आवश्यकता इस बात की महसूस की गई कि एक ऐसा सीड एक्ट जो प्रभावी रूप से अगर कोई घटिया या नकली बीज पैदा करता है, कोई कंपनी या कोई और, तो उस बीज से हम किसानों को बचा सकें और अगर कोई ऐसा करता है जानदूबूझकर, तो उसको सख्त दंड की व्यवस्था की जा सके।*

एम.एस.एम.ई.

केंद्र सरकार के सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने ऊना जिला के हरोली विधानसभा क्षेत्र के पंडोगा व सोलन के परवाणु औद्योगिक क्षेत्रों में एम.एसएमई तकनीकी केंद्र स्थापित करने को मंजूरी प्रदान की है। यह तकनीकी केंद्र 10—10 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किए जाएंगे। एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर्स की स्वीकृति हिमाचल प्रदेश में उद्योगों को मजबूत करने की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। इन टेक्नोलॉजी सेंटर्स के स्थापित होने से राज्य में औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी। इससे उद्योगों को आधुनिक तकनीकी सहयोग मिलेगा, औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।..अधिक ब्यौरे के साथ हमारे ऊना जिला संवाददाता. …………

*केंद्र सरकार के सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने ऊना जिला के हरोली विधानसभा क्षेत्र के पंडोगा व सोलन के परवाणु औद्योगिक क्षेत्रों में एम.एसएमई तकनीकी केंद्र स्थापित करने को मंजूरी प्रदान की है। केंद्रीय एमएसएमई मंत्रालय ने देशभर में **13** नए टेक्नोलॉजी सेंटर–एक्सटेंशन सेंटर स्थापित करने को लेकर कार्यालय ज्ञापन जारी किया है, जिनमें पंडोगा और परवाणू को भी शामिल किया गया है।*

पंचायत पोर्टल

प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायतों की आय को पारदर्शी और डिजीटल बनाने के उददेश्य से समर्थ पंचायत पोर्टल का उपयोग अनिवार्य कर दिया है। पंचायती राज विभाग की अधिसूचना के अनुसार पहली अप्रैल से प्रदेश की ग्राम पंचायतों में ये अनिवार्य किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक कर और गैर कर राजस्व का निर्धारण, करदाताओं का पंजीकरण, ऑनलाइन मार्ग सृजन, पंचायत की संपत्तियों का राजस्व उपयोग और नागरिकों से भुगतान की डिजिटल वसूली अब समर्थ पोर्टल से ही होगी। इसके अंतर्गत ऑफलाइन प्रक्रिया पूरी तरह से समाप्त कर दी गई है। सरकार का मानना है कि इससे ग्राम पंचायतों की व्यवस्था में पारदर्शिता, मानकीकरण, और दक्षता बढने के साथ वित्तीय आत्मनिर्भरता मजबूत होगी।

अनुराग–मांग

सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कल दिल्ली में केंद्रीय कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज चौहान से भेंट कर हिमाचल में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में सड़कों के निर्माण की मांग की। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि अच्छी सड़कें किसी भी क्षेत्र का आधार होती है और इसके दृष्टिगत केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2024–25 से 2028–29 की अवधि के लिए पी.एम.जी.एस.वाई.– चार को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि इसका उदेश्य वर्ष 2011 की जनसंख्या के मानदंडो के आधार पर 25 हजार ऐसी ग्रामीण बस्तियों को प्रत्येक मौसम में सड़क सम्पर्क प्रदान करना है, जो अभी तक सड़क संपर्क से वंचित है। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ हिमाचल को भी मिलना चाहिए।

वैष्णव

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि लक्षित नीति और वित्तीय सहायता के कारण भारत का उन्नत तकनीक पर आधारित नवाचार तेजी से विकसित हो रहा है। सोशल मीडिया पोस्ट में वैष्णव ने कहा कि आज भारत के 80 प्रतिशत स्टार्टअप एआई आधारित हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के अंतर्गत डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव योजना के माध्यम से अब तक 23 स्टार्टअप को सहायता दी गई है। उन्होंने कहा कि एक लाख करोड़ रुपये के कोष वाला अनुसंधान विकास और नवाचार कोष भी नवाचार क्षमताओं को मजबूत कर रहा है।

वंदे मातरम – गणतंत्र दिवस

इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने, भारत की सैन्य शक्ति और सांस्कृतिक विविधता का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि यह समारोह आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ–साथ राष्ट्रीय गीत को भी सर्वश्रेष्ठ

सम्मान देगा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि होंगे। मंत्रालय ने कहा कि समाज के सभी वर्गों से लगभग 10 हजार लोगों को इस वर्ष की परेड में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और मंत्रालयों की तीस झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी जो स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता, संस्कृति और विकास के विषयों को प्रतिबिंबित करेंगी।

युवा संसद कार्यक्रम

26वें राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम में शिमला जिला के पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ठियोग, के 8 विद्यार्थियों ने क्षेत्रीय स्तर पर प्रथम व राष्ट्रीय स्तर पर चतुर्थ स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को नई दिल्ली में भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में संसदीय प्रक्रियाओं की समझ विकसित करना, लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करना तथा नेतृत्व, अनुशासन और प्रभावी वक्तृत्व कौशल को प्रोत्साहित करना है।

मौसम

प्रदेश के उंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम ने करवट ली है। शिंकुला दर्रा, बारालाचा और कुंजम दर्रा सहित लाहौल की उंची चोटियों पर कल हल्की बर्फबारी दर्ज की गई वहीं मैदानी और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में हल्के बादल छाए रहे। इधर आज भी प्रदेश के अधिकांश भागों में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 19 से 22 जनवरी तक उंचाई वाले क्षेत्रों में मध्यम से हल्की बर्फबारी होने की संभावना है। हालांकि मध्यवर्ती व मैदानी क्षेत्रों के पर्यटन स्थलों में बर्फबारी के कम आसार हैं।

*वर्तमान में 19 तारीख तक जो स्पेल है इसमें शिमला, कुफरी व नारकंडा में बर्फबारी की संभावना बहुत कम है मनाली में भी 19 तारीख तक पॉसिबिलिटी कम है हा परंतु डिस्टिक्ट कुल्लू के जो रोहतांग, लाहौल आदि में बर्फ बारी हो सकती है जैसे की मैंने कहा कि कांगड़ा, मंडी, किन्नौर, कुल्लू इनकी हाई रिचिज में 19 तारीख तक बर्फबारी की संभावना है। लेकिन ऊना, बिलासपुर है इन स्थानों बारिश की संभावना बहुत कम है।*

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। दिव्य हिमाचल मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है–पी.एम. ई–बस योजना में पहाड़ी क्षेत्रों को दी जाए विशेष छूट।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– कुल्लू जिले के बी.डी.सी. अध्यक्ष ने राजस्व विभाग की टीम पर किया हमला, पटवारी घायल।

मौसम पर दैनिक भास्कर का शीर्षक है–प्रदेश में मौसम ने बदली करवट, ऊंची चोटियों पर गिरे बर्फ के फाहे। हिमाचल दस्तक लिखता है–पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, लाहौल, किन्नौर और चंबा की चोटियों पर हल्की बर्फबारी। पंजाब केसरी की सुर्खी है–रोहतांग सहित लाहौल की ऊंची चोटियों पर हिमपात, शिमला में रातें सबसे गर्म।

''अंत में मुख्य समाचार

- केंद्र सरकार संसद के आगामी बजट सत्र में बीज अधिनियम 1966 में संशोधन करने के लिए लाएगी कानून।
- ऊना जिला के पंडोगा व सोलन के परवाणु औद्योगिक क्षेत्रों में एमएसएमई टैक्नोलॉजी सेंटर स्थापित करने को केंद्र ने दी मंजूरी।
- प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायतों की आय को पारदर्शी और डिजीटल बनाने के उददेश्य से समर्थ पंचायत पोर्टल का उपयोग किया अनिवार्य।
- गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारत की सैन्य शक्ति और सांस्कृतिक विविधता का देखने को मिलेगा अनूठा संगम।
- प्रदेश के अधिकांश भागों में छाए बादल–मौसम विभाग ने 19 से 22 जनवरी तक राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों बर्फबारी की जताई संभावना ।